श्री बैद्यनाथ महाराणा ने नीपको के निदेशक (वित्त) का पदभार 10 सितंबर 2021 को संभाला । निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पहले, वे नीपको में कार्यकारी निदेशक (वित्त) के पद पर थे । आप भारत के लागत लेखाकार संस्थान के एक सदस्य हैं। उनके पास सॉफ्टवेयर कमर्शियल एप्लिकेशन में डिप्लोमा भी है और वे उत्कल विश्वविद्यालय से भौतिकी ऑनर्स के साथ स्नातक हैं । उन्होनें वर्ष 1993 में नीपको में लेखा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया और विभिन्न संवर्गों में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ते रहे हैं । सॉफ्टवेयर विकास में अपनी विशेषज्ञता के साथ, उन्होंने निगम में वित्तीय सॉफ्टवेयर डिजाइन और कार्यान्वित किया है। उनका अनुभव बहुआयामी है और इसमें परियोजना लेखा, अनुबंध प्रबंधन और वित्त सहमति, निधि प्रबंधन, ट्रेजरी प्रबंधन, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कराधान, बजटीय नियंत्रण और एमआईएससी, समझौता ज्ञापन, आंतरिक लेखा परीक्षा आदि शामिल हैं। उन्होंने स्वयं को निधि प्रबंधन और संविदात्मक मामलों में एक विशेषज्ञ के रूप में स्थापित किया है। उनके नेतृत्व में वित्तीय क्षेत्र में निगम ने अपनी उच्चतम क्रेडिट रेटिंग प्राप्त की है और सबसे न्यूनतम ब्याज दरों पर दीर्घकालिक ऋण जुटाए हैं।